मुख्यमंत्री ने 71 'हर हित स्टोर' का लोकार्पण किया

चर्चा में क्यों?

17 अक्तूबर, 2021 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुग्राम से प्रदेश में 71 स्थानों पर एक साथ '**हर हित स्टोर**' का लोकार्पण किया। इन स्टोरों के माध्यम से राज्य सरकार ने 2025 तक प्रदेश के हर परिवार को रोज़गार से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।

प्रमुख बिंदु

- सर्वप्रथम मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम ज़िला के फरूखनगर कस्बा में एक 'हर हित स्टोर' का मौके पर जाकर उद्घाटन किया तथा उस स्टोर के पहले ग्राहक बने।
- तदुपरान्त मुख्यमंत्री सुल्तानपुर के रोजी पेलिकन टूरिस्ट कॉम्पलेक्स से ऑनलाइन माध्यम से प्रदेशभर में 70 'हर हित स्टोर' का लोकार्पण किया।
- इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि इन स्टोरों से जहाँ एक ओर युवाओं को रोज़गार के अवसर मिल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर लोगों को सस्ती दरों पर शुद्ध, सर्टिफाइड व गुणवत्तापरक सामान अपने घर के नज़दीक ही मिलेगा।
- मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक तीन हज़ार आबादी पर तथा शहरी क्षेत्र में 10 हज़ार आबादी पर 'हर हित स्टोर' खोला जाएगा।
- इन स्टोरों पर घरेलू उपयोगी 60 कंपनियों के 550 उत्पाद उपलब्ध करवाए गए हैं। एमएसएमई, लघु औद्योगिक ईकाइयों तथा सहकारी क्षेत्र की ईकाइयों के अलावा महिलाओं के सैल्फ हैल्प ग्रुप द्वारा तैयार गुणवत्ता के उत्पाद यहाँ पर बाज़ार से कम भाव पर मिलेंगे। सारे सामान की बिक्री कंप्युटरीकृत प्रणाली से होगी। इसके बाद प्रदेश में वीटा के बूथ भी खोले जाएंगे।
- परिवार पहचान पत्र के आँकडों के माध्यम से प्रत्येक परिवारों को चिह्नित करके उनके लिये यह योजनाएँ शुरू की गई हैं।
- इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिये सरकार ने देश का पहला कौशल विकास विश्वविद्यालय हरियाणा में पलवल ज़िला के दुधोला गाँव में खोला है।
- उन्होंने बताया कि गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले (बीपीएल) परिवारों के मानक बदले गए हैं। अब जिस परिवार की सभी स्रोतों से वार्षिक आय 1 लाख 80 हज़ार रुपए तक है, वे बीपीएल के दायरे में आएंगे, जबकि पहले आय की सीमा 1 लाख 20 हज़ार रुपए वार्षिक थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-inaugurates-71-har-hit-stores